# नांदगांव टाइम्स

गुरूवार, 13 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 121, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


# त्रिवेणी संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी





## राजिम कुंभ कल्प 2025 का आगाज, देशभर से पहुंचेंगे संत-महात्मा...




**रायपुर/ राजिम।** छत्तीसगढ़ के पवित्र तीर्थ त्रिवेणी संगम राजिम में आज राजिम कुंभ कल्प 2025 का शुभारंभ हों गया है. वहीं माघ पूर्णिमा के अवसर पर सुबह त्रिवेणी संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई. महानदी में स्नान कर श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और कुलेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की. राज्यपाल रमेन डेका कुंभ का शुभारंभ किया , जो 26 फ्रवरी तक चलेगा. उद्घाटनकार्यक्रम में बॉलीवुड पार्श्व गायिका मैथिली ठाकुर विशेष प्रस्तुति देंगी. बता दें कि 20 साल बाद मेला स्थल को बदला गया है. मेला अब संगम स्थल में नहीं, बल्कि वहां से 750 मीटर दूर लक्ष्मण झूला और चौबे बांधा के बीच लग रहा, जहां 54 एकड़ भूमि पर भव्य मंच तैयार किया गया है. इस बार देशभर से प्रख्यात संत-महापुरुषों की उपस्थिति इस महाकुंभ को दिव्यता प्रदान करेगी.

**पंचकोशी धाम थीम पर विशेष आयोजन**

इस वर्ष मेले की थीम च्पंचकोशी धामज्ज् पर आधारित होगी, जो श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता और संस्कृति का भव्य अनुभव प्रदान करेगी। इस आयोजन के तहत धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन, संत समागम और आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा. 12 फरवरी माघ पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाले राजिम कुंभ कल्प मेला का समापन 26 फरवरी महाशिवरात्रि को होगा. इसके साथ ही 21 फरवरी से 26 फरवरी तक विराट संत समागम होगा. इस दौरान 12 फरवरी माघ पूर्णिमा, 21 फरवरी जानकी जयंती और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को पर्व स्नान भी होंगे, जिसमें शाही जुलूस भी निकाली जाएगी. 12 फरवरी सुबह माघ पूर्णिमा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पुण्य स्नान करेंगे. पुण्य स्नान पश्चात भगवान श्री राजीव लोचन एवं श्री कुलेश्वर महादेव, दानदानेश्वर, बाबा गरीबनाथ, लोमष ऋषि आश्रम दर्शन कर पुण्य लाभ लेंगे.

**भक्तों और संतों का महासंगम**

राजिम कुंभ कल्प मेले में देशभर से साधु-संतों, कथा वाचकों और श्रद्धालुओं का आगमन होगा। धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्थानीय संस्कृति, लोककला और आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन इस बार के कुंभ कल्प मेले को विशेष बनाएगा। मेला प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, पार्किंग, रुकने और खाने-पीने की विशेष व्यवस्था की गई है।

**पंडोखर सरकार का लगेगा दरबार**

नदी क्षेत्र में बनाए गए संत समागम स्थल पर 21 फरवरी से 25 फरवरी तक दतिया म.प्र. से पहुंचे गुरुशरण महाराज (पंडोखर सरकार) का सत्संग दरबार लगाया जाएगा। महाराज शाम 4 बजे से 7 बजे सत्संग करेंगे। इसी प्रकार 13 फरवरी से 19 फरवरी तक भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जहां उदयपुर राजस्थान से पधारे डॉ. संजय कृष्ण सलिल जी महाराज प्रवचन देंगे। कथा का आयोजन शाम 4 बजे से 7 बजे तक रखा गया है।

# श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का हुआ समापन

## अंचल सहित अन्य क्षेत्रो से पहुंचे श्रद्धालुओं ने लिया धर्म लाभ, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी पहुंचे





**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ तट स्थित पावन धाम ब्रम्हचारी आश्रम में चल रहे ग्यारह दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का समापन, यज्ञ की पूर्णाहुति गौपूजन विसर्जन एवं भव्य शोभा यात्रा के साथ हुआ ,इसी के साथ वहां चल रहे अखंड राम नाम संकीर्तन का भी विसर्जन हुआ उक्त यज्ञीक आयोजन के तहत श्री राम कथा का भी सम्मान हुआ ।अंतिम दिवस की कथा में कथा वाचक मानस काग जी महाराज ने सीता स्वयंवर की कथा का स विस्तार वर्णन किया ,एवं मानस के इस अध्याय के गूढ़ रहस्यों को बताया ,

आयोजित धार्मिक आयोजन में छत्तीस गढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मन्दिरों एवं यज्ञ आदि के दर्शन कर संतों का आशीर्वाद लिया एवं कथा के मंच से धर्म सभा को संबोधित किया उनके साथ विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश सचिव चंद्रशेखर वर्मा भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे श्री वर्मा ने भी सभा को संबोधित कर हिंदुत्व को जगाया उक्त ग्यारह दिवसीय धार्मिक आयोजन में क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु जनों ने सम्मिलित होकर धर्म लाभ लिया आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्ह चारी ने आयोजन में योगदान देकर ।आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रद्धालुओं को साधु वाद ज्ञापित ।करते ।हुए आभार व्यक्त किया है।

# वार्ड स्तरीय टेनिस बॉल प्रतियोगिता कोपेडीह में 13 को





तुमड़ीबोड (नांदगांव टाइम्स)। निकटवर्ती ग्राम कोपेडीह में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी वार्ड स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 13 फरवरी को किया गया है और इसमें प्रवेश निशुल्क है साथ ही प्रथम पुरस्कार 3000 दुसरा पुरस्कार 2000 रुपए नगद रखे गए हैं इसके अलावा मैन ऑफ द सीरीज मैन ऑफ द मैच बेस्ट बॉलर बेस्ट फील्डर बेस्ट कैचर बेस्ट बैट्समैन बेस्ट फील्डर सभी को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा जाएगा इस मैच में खास आकर्षण का केंद्र रहेंगे चीयर्स गर्ल की तर्ज पर चौका छक्के लगने पर परी अपने डांस का जलवा दिखाएंगे उपरोक्त जानकारी आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप वर्मा ने दी।

# दंत चिकित्सक की मनमानी , संध्या कालीन ड्यूटी से नदारद



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर अपनी मनमानी पर उतर आए हैं. ड्यूटी टाइम से किनारा कर मनमर्जी से ड्यूटी कर रहे हैं, जबकि राज्य शासन ने पिछले पंचवर्षीय में ओपीडी के समय में बदलाव करते हुए सुबह और शाम दोनों ही समय मरीजों का इलाज करने का आदेश दिया है. बावजूद इसके अस्पताल में पदस्थ डॉक्टर आदेश की धज्जियां उड़ाने में लगे हैं.

डोंगरगांव शासकीय अस्पताल में पदस्थ डां इशिता बागची दंत चिकित्सक कर रहे हैं मनमानी एक समय ड्यूटी के बाद शामकालिन ड्यूटी पर नदारद रहती है इस संबंध में बीएमओ डॉ रागिनी चंद्रे से टेलीफोनिक बातचीत करने पर कहने लगी अस्पताल में होंगे अच्छे से देख लो उनका ड्युटी सुबह 10 से शाम 4 बजें तक है कहने लगी लेकिन दंत चिकित्सक एक पाली के ड्यूटी के बाद शाम को नहीं मिलती है वहीं डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी शासन के सारे नियम कानून को तांक पर रखकर दंत चिकित्सक को फायदा पहुंचाने के लिए एक एक ही पाली में ड्यूटी करा रहे हैं जबकि शासन द्वारा निर्धारित समय अनुसार दोनों पाली में ड्यूटी पर तैनात रहना चाहिए। लेकिन दंत चिकित्सक के लिए स्पेशल ड्यूटी समय 10 से 04 रखें है जिस कारण अस्पताल में आने वाले शामकालिन मरीजों को दंत से संबंधित बीमारी का इलाज का सुविधा नहीं मिल पा रहा है बता दें कि डोंगरगांव तीनों दिशाओं से सेंटर प्वॉइंट होने के कारण नगर के अस्पताल में डोंगरगांव, छुरिया, चौकी और बालोद जिले के मरीज भी यहां इलाज के लिए पहुंचते हैं. ऐसे में विशेष तौर से महिला मरीजों को समय पर डॉक्टर नहीं मिलने के कारण या तो भटकना पड़ता है या घटों इंतजार करना पड़ता है.वही समय पर डाक्टर नहीं मिलने से मोटी रकम देकर बाहर के डाक्टरों से इलाज करवाने को मजबूर हैं मरीज।

**मुख्यालय निवास में नहीं रहते हैं अधिकारी कर्मचारी**

डां दंत चिकित्सक सहित अनेकों अधिकारी कर्मचारी मुख्यालय पर निवास नहीं करते हैं जबकि स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी को मुख्यालय पर रहकर अपना कार्य संपादित करना होता है लेकिन खंड चिकित्सा अधिकारी के मिलीभगत होने के कारण अधिकतर लोग मुख्यालय से बाहर राजनांदगांव व अन्य जगह से आना जाना करते हैं । इस संबंध में डां रागिनी चंद्रे खंड चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि शिकायत मिलने पर मैंने भी टेलीफोनिक बातचीत

# निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर महाराज स संघ की मंगल अगवानी तीर्थक्षेत्र चंद्रगिरी (डोंगरगढ़ )में शनिवार को प्रात:कालीन बेला में होगी



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** युग शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य एवं वर्तमान आचार्य श्री समयसागर सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीरसागर जी महाराज का ससंघ आगमन शनिवार को प्रात:कालीन बेला में होने की सम्भावना है। प्रवक्ता आविनाश जैन विद्यावाणी एवं प्रचार प्रमुख निशांत जैन ने बताया मुनि संघ का मंगल विहार नागपुर से डोंगरगढ़ की ओर चल रहा है संघ का विहार करा रहे नागपुर दि. जैन परवार समाज के ट्रस्टी श्री शीतल जैन ने बताया संघ में क्षु.श्री मननसागर, क्षु.श्री विचारसागर, क्षु.श्री मगन सागर,क्षु.श्री विरलसागर एवं संघस्थ ब्रहम्चारी साथ में चल रहे है। मुनिसंघ का रात्रि विश्राम डोंगरगांव में हुआ गुरुवार की आहार चर्या श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर देवरी में होगी तथा शनिवार को प्रात:कालीन बेला में चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ में मंगल अगवानी होने की पूर्ण सम्भावना है। श्री दिगम्बर जैन अतिशय महातीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारियों ने मुनिसंघ की भव्य मंगल अगवानी करने की अपील की है। इस अवसर पर चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री किशोर जैन, महामंत्री निर्मल जैन, कोषाध्यक्ष श्री सुभाष चन्द जैन, चंद्रकांत जैन, अनिल जैन, सप्रेम जैन,विद्यायतन के अध्यक्ष श्री विनोद बडजात्या, निखिल जैन, नरेश जैन, अमित जैन, दीपेश जैन उपस्थित थे । उक्त जानकारी निशांत जैन (निशु) द्वारा दी गयी।

# भागवत साहू को गांव-गांव मिल रहा व्यापक जन समर्थन



## विरोधियों में घबराहट

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 टेढ़ेसरा कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी भागवत साहू का धुआंधार जनसंपर्क अभियान जारी है। चुनाव प्रचार के दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में समर्थक जिनमें कांग्रेस के कई बड़े नेता भी शामिल है। साथ चल रहे हैं निर्वाचन क्षेत्र के ग्राम डूमरडीह, देवड़ोगर, चवलढाल, महरूम खुर्द, भरदा खुर्द, बरबसपुर, कल्डबरी, बरगाही आदि में उन्हें व्यापक जन समर्थन मिल रहा है। जगह-जगह उनका स्वागत सत्कार किया जा रहा है। श्री साहू ने वैसे भी जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रहते हुए क्षेत्र के चौमुखी विकास भूपेश बघेल सरकार के दौरान आनेका नेक विकास निर्माण कार्य स्वीकृत कराए हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का समुचित लाभ दिलवाया है जिसका भी अच्छा प्रभाव देखा जा रहा है। क्षेत्रवासियों की सोच है कि भागवत साहू संघर्षशील नेता है और वे ग्रामीणों के हित में बुलंदी से आवाज उठते हैं। इसी सोच के साथ उनकी जीत की राह आसान हो गई है और उनके प्रतिद्वंदियों में घबराहट देखी जा रही है। भागवत साहू के साथ जनसंपर्क के दौरान मुख्य रूप से नारायण प्रसाद दुबे, जीवन लाल धनकर,

मनोहर साहू, हीरा लाल साहू, देवशरण वर्मा, इतवारी साहू, गिरीश साहू, मुकेश साहू, तेजेश्वर साहू, महिला लोगों का नाम, पायल साहू, अहिल्या देशमुख, गोदावरी देशमुख, फेकन यादव, जानकी साहू, बिरजा, साहू, नीरबती साहू, अनुसुइयां साहू, ललिता साहू, गोमती साहू, त्रिवेणी साहू, लता साहू, रत्ना साहू, नीरा साहू, सुशीला साहू, लक्ष्मी साहू, गुलशन बघेल आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नगर निगम के सभी विभाग के कर्मचारियों की आयुक्त विश्वकर्मा ने ली बैठक

## स्थानीय निर्वाचन में निष्ठापूर्वक कर्तव्य निर्वाहन के लिये जताया आभार, सौपे गये दायित्वो का समर्पित भाव से कार्य करने कहा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज निगम सभागृह में नगर निगम के सभी विभागों के कर्मचारियों की बैठक लेकर स्थानीय निर्वाचन में सौपे गये दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त करते हुये कार्यालयीन अवधि में उपस्थित रहकर सौपे गये दायित्वों का समर्पित भाव से कार्य करने कहा।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने आज निगम के सामान्य प्रशासन विभाग, लेखा, जन्म-मृत्यु, लोककर्म, विद्युत, जल, सफाई, मोटर, राजस्व विभाग, प्रधानमंत्री आवास में कार्यरत सभी कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत नगर निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पार्षदों के निर्वाचन के लिये कर्मचारियों को सौपे गये दायित्वो का निष्ठापूर्वक निर्वाहन करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल तथा स्थानीय निर्वाचन प्रेक्षक श्रीमती जयश्री जैन ने भी सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्यो की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार अपने अपने दायित्वों का हर समय निर्वाहन करना है।

आयुक्त ने कहा कि नौकरी के पूर्व हमारी मानसिकता होती है कि हम नौकरी लगने पर निष्ठा एवं इमानदारी से कार्य करेगे, हमे उसी मानसिकता से काम करना है, तभी हम सफल होगे। कार्यालय में हमारा व्यवाहर संयमित और मर्यादित होनी चाहिये, कार्यालयीन समय में उपस्थित रहकर, अपने कार्यो का कर्मठतापूर्वक इमानदारी से निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ कर्मचारी समय में उपस्थित नहीं होते, शासन द्वारा प्रात: 10 बजे से कार्यालयीन कार्य प्रारंभ करने का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित समय में सभी कर्मचारियों को कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है तथा अपने उच्च अधिकारियों के आदेशो को मानना है उसकी अव्हेलना नही करनी है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि नगर निगम बहुत महत्वपूर्ण विभाग है, जो जनता से सीधा जुडा होता है और लोगों के दैनिक जीवन की महत्वपूर्ण आवश्यकता जैसे राशन कार्ड, जन्म-मृत्यु व विवाह प्रमाण पत्र, निराश्रत पेंशन के अलावा बिजली, पानी, सफाई जैसी मूलभूत सुविधा निगम के द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। इस दृष्टिकोण से हमारा कार्यालय बहुत महत्वपूर्ण है और इसकी महत्ता को समझ सभी को अपने दायित्वों का निर्वाहन करना है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कार्यालयीन समय में इधर उधर घूमते है, वैसे ही निगम की जानकारी लोगो को उपलब्ध कराते है, जो कि हमारे कार्य के विरूद्ध है। जिसे जानकारी चाहिये वो लिखित में देगा और उसे जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। आप अपने पद का गलत इस्तेमाल न करे। इस संबंध मे मैने पूर्व की बैठक में भी कहा है। इसके अलावा शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना भी हमारा दायित्व है। नागरिकों के कार्यो को प्राथमिकता देते हुये समय सीमा में पूर्ण करना है।आयुक्त ने कहा कि समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण करना है, बहुतसी जानकारिया समय में देने की रहती है, जिसे समझकर तत्काल उपलब्ध कराना है। किसी प्रकार की परेशानी या कार्य में कठिनाई पर अपने उच्च अधिकारियों को अवगत करावे। उन्होंने कहा कि कर्मचारी अनावश्यक अवकाश पर न रहे, अवकाश लेने का भी नियम है। सभी को 13 आकास्मिक अवकाश लेने का प्रावधान है, लेकिन उसे माह में 1 अवकाश लेना है, जबकि कुछ लोग अनावश्यक रूप से लंबा अवकाश ले लेते है। बिना कोई ठोस कारण व मेरी बिना अनुमति के कोई भी अवकाश में नही रहेगा। इसी प्रकार बिना कारण मुख्यालय नहीं छोडेगे, मुख्यालय छोडने के पूर्व उच्च अधिकारी को अवगत करायेगे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों से कहा कि नगर निगम का बहुत महत्वपूर्ण विभाग राजस्व विभाग होता है। राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी इमानदारी से राजस्व वसूली करे। वर्तमान में क्यू.आर. कोड से मोबाईल के माध्यम से भी वसूली की जानी है। आप सभी क्यू.आर. कोड रख वसूली करे, जिससे आप लोगों को सुविधा होगी एवं अच्छी वसूली भी आयेगी। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, कार्यपालन अभियंता श्री दीपक खाण्डे सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।



## जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान संपन्न

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत जिले के नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शातिपूर्ण मतदान संपन्न होने पर जिले के सभी मतदाताओं, राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों, प्रबुद्धजन के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने सभी मतदान दलों एवं मतदान प्रक्रिया से जुड़े सभी शासकीय अधिकारियों व कर्मचारियों, सुरक्षा प्रबंध में लगे पुलिस के जवानों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी के साझा प्रयासों और सहयोग से ही जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न एवं निष्पक्ष मतदान सम्पन्न हो सका है। उन्होंने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित अन्य सभी वर्गों की सराहनीय सहभागिता रही।



## कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 14 फरवरी को

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अंबागढ़ चौकी में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 14 फरवरी को सुबह 11:00 बजे से आयोजित किया जाएगा। परीक्षार्थी परीक्षा दिनांक को निर्धारित परीक्षा समय से 1 घंटे पूर्व परीक्षा स्थल में प्रवेश करेंगे।

## प्रेक्षक श्रीमती जयश्री जैन तथा कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मतदान पश्चात अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं की बैठक लेकर संवीक्षा की

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के संचालन एवं प्रेक्षण कार्य



हेतु नियुक्त प्रेक्षक आईएएस श्रीमती जयश्री जैन तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने कृषि उपज मंडी परिसर में नगरीय निकायों के मतदान पश्चात अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं की बैठक लेकर संवीक्षा की। बैठक में नगरीय निकायों में ऐसे मतदान केन्द्र जहां नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 में संपन्न हुए मतदान में पूर्व के निर्वाचन की अपेक्षा कम या अधिक मतदान होने के साथ-साथ उनकी संवेदनशीलता की विस्तार की समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित अभ्यर्थियों एवं मतदान अभिकर्ताओं ने मतदान के लिए की गई व्यवस्थाओं एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया के लिए बधाई दी और व्यवस्थाओं की प्रशंसा भी की। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर श्री खेमलाल वर्मा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए मतदान 11 फरवरी को संपन्न हुआ। मतदान पश्चात ईव्हीएम मशीनों को कृषि उपज मंडी समिति के नवनिर्मित गोदाम में बनाए गए स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया है। मतगणना शनिवार 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

## जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी रामनाथ वर्मा का प्रचार जोरों पर

**तुमड़ीबोड़ (नांदगांव टाइम्स)।** क्षेत्र क्रमांक 7 से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामनाथ वर्मा के पक्ष में धुआंधार प्रचार करते हुए जिला भाजपा साहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक महैंद बैष्णव पूर्व



मंडल अध्यक्ष जयपाल सिन्हा मंडी सदस्य डोंगरगांव निर्भय श्रीवास मंडल महामंत्री भुपेंद्र वर्मा तेजलाल चंद्रेश श्रीवास पुकेशवर वर्मा अमरोतन साहू पितांबर साहू खेमचंद भारती समेत सैकड़ों लोगों के साथ गातापार सेमरा पुरैना चैतुखपरी केसली मनकी में प्रचार किया।

**शुभांक**

**4-5-8**

**480-2 155-1**

**भाग्यांक**

**380-1 113-5**

# शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में जेंडर सेंसिटाइजेशन पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में पीएम उषा व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में ष्जेंडर सेंसिटाइजेशनष् पर सात दिवसीय ;3 से 10 फरवरीद्ध कार्यशाला का आयोजन प्राचार्य डॉण् सुचित्रा गुप्ता के मार्गदर्शन व श्रीमती सविता चंद्रवंशी के संयोजकत्व में मुक्तिबोध हॉल में संपन्न हुआ। सात दिवसीय कार्यशाला के उदघाटन समारोह में प्राचार्य मैडम ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित व सशक्त होने की आवश्यकता है। प्रथम दिवस मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉण् बीण् एनण् जागृत उपस्थित रहींए जिन्होंने कहा कि स्त्री की संवेदनशीलता को समझना महिलाओं के साथ.साथ पुरुषों को भी अति आवश्यक है । उन्होंने कहा कि स्त्री पैदा नहींए होती बनाई जाती है ।कार्यशाला के द्वितीय दिवस उच्च न्यायालय की अधिवक्ता प्रतीक्षा सिंह ने अपने वक्तव्य में महिलाओं व बच्चों के अधिकारों व अधिनियमों से अवगत कराया उन्होंने बताया कि महिलाओं पर अत्याचार होने का कारण उनका अशिक्षित होना है । तृतीय दिवस वक्ता के रूप में समाजसेवी मलय जैन मैम ने कहा कि महिलाओं को अपने आंतरिक शक्ति को समझने की आवश्यकता है एस्त्रियां बचपन से कमजोर नहीं होतीए समाज की मानसिकता कमजोर बनाती हैं। चतुर्थ दिवस विषय विशेषज्ञ के रूप में महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉण् अंजली मोहन कोडोपी उपस्थित रही उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों पर होने वाले अत्याचारों के बारे में और उनके रोकथाम के उपायों को बताया। उन्होंने कहा कि बच्चों को प्राथमिक स्तर से ही जागरूक करने की आवश्यकता है। कार्यशाला के पंचम दिवस विषय विशेषज्ञ के रूप में अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉण् अनीता साह उपस्थित रहीं जिन्होंने पितृ सत्तात्मक समाज की विचारधारा एवं उसके प्रभाव को विस्तार से बताया। छठवें दिन वक्ता के रूप में श्रीति मुंशी जी ने लिंग आधारित हिंसा वह भेदभाव पर विचार रखाए समाज में महिलाओं की वास्तविक स्थिति के बारे में उन्होंने विस्तार से अपने विचार प्रस्तुत किए ।सातवें दिवस में वक्ता के रूप में समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापक श्रीमती ललिता साहू उपस्थित रहीं जिन्होंने लिंग आधारित हिंसा व अत्याचार पर प्रकाश डालाए उन्होंने कहा कि स्त्री सृजन की शक्ति है । सृजन की शक्ति होने के बावजूद समाज के हर क्षेत्र में नारी एहिंसा व अत्याचार का शिकार हो रही है। साथ ही विशाखा गाइडलाइन से अवगत कराया ।समापन समारोह में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विद्यार्थियों से फीडबैक फॉर्म भराया गया। कार्यशाला में सक्रिय रहे विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रमाण पत्र महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ नीलू श्रीवास्तव व अनीता साहा के करकमलो से वितरित किया गया। सात दिवसीय कार्यशाला का विषय प्रवर्तन संयोजक श्रीमती सविता चंद्रवंशी के द्वारा संचालन स्वयंसिद्धा झाएहेमलता साहू द्वाराए धन्यवाद ज्ञापन डॉ देहूति बंछोरएपूजा कुमारीए प्रियंका दास नेएकार्यक्रम का रिपोर्टिंग कौशिक बिशी एडॉ अजय शर्मा द्वाराए तकनीकी सहयोगी रामावतार तथा फ़ोटोग्राफी दीपक कुमार व डॉ सूरज पटेल द्वारा किया गया।



# भाजपा के जनपद एवं जिला पंचायत में अधिकृत प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील- विवेक साहू

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स)।** जिला भाजपा राजनांदगांव के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव को लेकर जिला पंचायत, जनपद पंचायत ने प्रभारी की नियुक्ति की है। भाजपा ने जिला पंचायत, जनपद पंचायत में अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा भी कर दी है। इसी तारतम्य में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 में सांसद प्रतिनिधि पूर्व जनपद सदस्य विवेक साहू को चुनाव हेतु प्रभारी नियुक्त किया है। श्री साहू को ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत, जिला पंचायत सेवा सहकारी समिति पानी पंचायत, विधानसभा, लोकसभा चुनाव में संचालन का लंबा अनुभव है। इस अनुभव का लाभ क्षेत्र में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशियों को मिलेगा। प्रभारी विवेक साहू मजबूत रणनीति बनाकर क्षेत्र में कमान संभाल ली है। प्रत्याशी का बैठक जनसम्पर्क की योजना बनाकर एक-एक मतदाताओं से प्रत्याशी को रूबरू कराने का कार्य योजना बनाएंगे।

प्रभारी विवेक साहू ने बताया कि इस समय इस स्थिति और परिस्थितियों में बदलाव आयी है। पिछले चुनाव कांग्रेस के भूपेश बघेल तानाशाह सरकार कार्य कर रही थी इस बार केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राज्य में विष्णुदेव साय भाजपा की लोकप्रिय सरकार जनता के विभिन्न लोक कल्याण कारी योजनाओं का लाभ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों को मिलेगा। श्री साहू ने कहा कि गांव में माता - बहनों को महतारी वंदन योजनाओं का लाभ सीधा मिल रहा है। किसानों को किसान सम्मान निधि उन्नत कृषि योजना 2 वर्ष का बोनस जैसे महत्वपूर्ण कार्य एक वर्ष के भीतर किया है। जिससे माता-बहनों, किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है।



भारतीय जनता पार्टी ने कर्मठ, जुझारू, संघर्षशील, मुदुभाषी राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती देवकुमारी को जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 में प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में इनका सभी ने हार्दिक स्वागत किया है और कार्यकर्ता तन-मन-धन से श्रीमती देवकुमारी को जिताने के लिए कार्य में लगे है । उन्होंने कहा श्रीमती देवकुमारी पूर्व में जनपद सदस्य रही है। वर्तमान में जिला भाजपा महिला मोर्चा महामंत्री के रूप में सफलता पूर्वक कार्य कर रही है। उनके सक्रियता और अनुभव का लाभ क्षेत्र के जनता को मिलेगी। वे खुद अपनी स्कूटी से गांव का दौरा करती है और चुनाव जितने के बाद खुद सीधे जनता से मिलकर कार्य करेगी। श्री साहू ने बताया कि क्षेत्र के सिंघोला, सुरगी, ठाकुरटोला, भर्रेगांव, मोखला आदि जगहो में बैठक का कार्यकर्ताओं को चुनाव में प्राण प्रण जुड़ जाने की अपील की है। श्री साहू ने कहा भाजपा की विष्णुदेव सरकार जनहित में कार्य कर रही है और राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा अनेको निर्माण एवं विकास कार्य किया है और योजना को आगे बढ़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की है। क्षेत्र में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के पक्ष में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।

## जिपं क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया शीला टाकेश सिन्हा ने लिया जीत का आशीर्वाद

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया से शीला टाकेश सिन्हा ने अपना धुआंधार जनसंपर्क जारी रखा है। जनसंपर्क के दौरान उन्हें भारी जन समर्थन मिल रहा है। उल्लेखनीय की श्रीमति शीला टाकेश सिन्हा ने राजनंदगांव जनपद पंचायत सदस्य व सरपंच होते हुए क्षेत्र में अनेक अनेक और करोड़ों के विकास निर्माण कार्य करवाए हैं। जिसका लाभ उन्हें जीत के रूप में निश्चित मिल रहा है और यह भी संभावना जताई जा रही है। कांकेतरा, मोहबा, सिंगपुर, लिटिया, सुकुलदैहान खपरी, धनगांव, बरगा एवं डिलापहरी में समस्त मतदातागण क्षेत्र क्र. 02 में उन्होंने जनसंपर्क का कर लिया है। बाकी गांव में उनका आगामी दिनों में जारी रहेगा। उनके समर्थक बड़ी संख्या में जुटते जा रहे हैं। अपने चुनावी प्रचार प्रसार के दौरान श्रीमती सिन्हा बिजली पानी सड़क और स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में अमुक अमुक विकास कार्य कराए जा चुके हैं। तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में भी बता रही है। जिससे लोग जमकर आकर्षित हो रहे हैं। इस दौरान मुख्य रूप से बुधराम देवांगन,मोहन देवांगन,दीपक देवांगन,देवनारायण साहू,नीलकंठ यादव,रूपेंद्र साहू,महेंद्र साहू ,मनीष सिन्हा,संजय कुमार टंडन, गोपी सिन्हा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।




**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202501091900082**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
सम्बलपुर प.ह.न. 00038 [(हे0) ]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार -विवेक,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विवेक आ. स्व. लक्ष्मण निवासी ग्राम सम्बलपुर तहसील डोगरगांव जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पिता लक्ष्मण का मृत्यु तिथि 10.03.2017 को ग्राम सम्बलपुर में हुआ है भूलवंश स्थानीय रजिस्टार के पास दर्ज नही कराया गया है अत आवेदक के पिता लक्ष्मण का मृत्यु तिथि दर्ज किये जाने हेतु स्थानीय रजिस्टार को आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन मय अनुपलब्धता प्रमाण प्रमाण पत्र पेश किया है। प्रकरण दर्ज हो, ईश्तहार का प्रकाशन हो।

उक्त संबंध में जिस किसी को किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14-02-2025 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं, समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 30/01/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र0/ प्रवा0-3/ अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 03/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक..संध्या गिड़िया पति राजेश कुमार गिड़िया , निवासी सदर बाजार, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम रीवागहन, पटवारी हल्का नंबर 029, खसरा नंबर 350/3 व 350/13, रकबा क्रमशः 0.0400, 0.2630 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 14/02/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/02/202 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र0/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 03/02/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिक.विभा गिड़िया पति कमलेश गिड़िया , निवासी सदर बाजार, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम रीवागहन, पटवारी हल्का नंबर 0029, खसरा नंबर 350/21, रकबा 0.2430 हेक्टेयर के औद्योगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 14/02/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र./ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/01/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक... श्रध्दा संजय गुप्ता पिता स्व0 सुरेश गुप्ता, निवासी मागडी रोड बिन्नी मिल्स के पास, नार्थ बैंगलुरू, (कर्नाटक) के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 41, खसरा नंबर 1402/85, 1431/5 व 1431/7 रकबा क्रमशः 0.0105, 0.0369, 0.0079 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 10/02/2025 न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र0/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/01/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक... ...ख्याती गुप्ता पिता स्व0 सुरेश गुप्ता, निवासी इंदिरा नगर, वार्ड नं0 41, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 0041, खसरा नंबर 1431/6, रकबा 0.0256 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उद्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 10/02/2005 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव, छत्तीसगढ**

// ईश्तहार //

क्र0/ प्रवा0-3/अ0वि0अ0 / 2025
राजनांदगांव, दिनांक 27/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक..राजीव गुप्ता पिता स्व0 सुरेश गुप्ता, निवासी इंदिरा नगर, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम नंदई, पटवारी हल्का नंबर 0041, खसरा नंबर 1402/84, 1431/3, रकबा क्रमशः 0.0189, 0.0312 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीयन बैनामा, स्वीकृत अभिन्यास की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उ?द्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 13/02/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 27/1/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

## ज्ञान मंथन

*1) मुद्रा का कागज किससे बना होता है?*

*2) हाल ही में चर्चा में रहा रज पर्व किस राज्य से संबंधित है?*

*3) हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय में 200 छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज कौन बने हैं?*

*4) हाल ही में भारत और किस देश ने संयुक्त सैन्य अभ्यास नोमैडिक एलीफैंट शुरू किया है?*

*5) हाल ही में तेलंगाना के वृक्ष पुरुष पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) कागज 100 प्रतिशत रूई (2) ओडिशा (3) रोहित शर्मा (4) मंगोलिया (5) एन बलराम

# मातृ-पितृ पूजन की चहुं ओर हो रही सराहना, योगी आदित्यनाथ सहित देश के गणमान्य लोगों ने दी शुभकामना

## नितिन गडकरी, योगी आदित्यनाथ सहित दर्जनों गणमान्य लोगों ने दी मातृ-पितृ पूजन की बधाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति आदरभाव के उत्तम संस्कारों का सिंचन हो, माता-पिता का अनुभव व आशीर्वाद लेकर उन्नत जीवन की ओर अग्रसर करने हेतु वर्ष 2006 से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से अखिल भारतीय श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा देशभर में फैली 14 सौ से अधिक श्री योग वेदांत सेवा समिति के माध्यम से 14 फरवरी को सच्चा प्रेम-दिवस मातृ-पितृ पूजन दिवस मना रहे है ।

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव के रोहित चंद्राकर व संजय साहू ने बताया कि पिछले 19 वर्षों से पूज्य बापूजी की प्रेरणा से देशभर में 2 महीने पूर्व से कार्यक्रम प्रारंभ कर दिए जाते है तथा 14 फरवरी के दिन विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है । राजनांदगांव में भी 1 जनवरी से मातृ-पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम की शुरुआत की जाती है जो 28 फरवरी तक लगातार चलती है । राजनांदगांव जिले में अब तक तीन सौ से अधिक कार्यक्रम किये जा चूंके है जिसमे बच्चों द्वारा 70 हजार से अधिक माता-पिता का सामूहिक पूजन किया जा चुंका है ।

इस मातृ-पितृ पूजन की जितनी सराहना करें कम है क्योंकि ये पर्व सिखाता है कि माता-पिता से बढ़कर कोई और नही । यह दिन उनके उपकार को याद करने और इस दिन को खास बनाने के लिए पूज्य बापूजी ने मातृ-पितृ पूजन दिवस की शुरुआत की । यह कार्यक्रम देशभर के लोगो को बहुत पसंद आ रहा है यहां तक कि इस कार्यक्रम की प्रसंसा करने नही थक रहे और इसी कारण से देशभर के विभिन्न गणमान्य हस्तियां अपने लेटर हेड के माध्यम से संस्था को अपनी शुभकामनाएं भेज रहे है ।

**देशभर में हो रहे मातृ-पितृ पूजन का देश के गणमान्य लोगों ने दी अपनी शुभकामना**

सभी जाति, धर्म व सम्प्रदाय के लोगो को यह पर्व बहुत पसंद आ रहा है । बढ़चढ़ कर इस अभियान में जुड़ रहे है और करोड़ो माता-पिता का पूजन कर बच्चे धन्य हो रहे है । इसी कारण से देशभर के गणमान्य हस्तियां भी इस आयोजन से प्रभावित हो रहे है



और अपनी भावनाओं को पत्र के माध्यम से संस्था को प्रेषित कर रहे है इसी कड़ी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, उत्तरप्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, असम मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा शरमा, गुजरात मुख्यमंत्री भूपेंद्र भाई पटेल, झारखंड मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उत्तरप्रदेश राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, भोपाल राज्यपाल मंगू भाई पटेल, कैबिनेट मिनिस्टर कलराज मिश्र, हरियाणा राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय, पूर्व मुख्यमंत्री असम सर्बानंद सोनोवाल, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री राजस्थान अशोक गहलोत सहित देशभर के दर्जनों राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षामंत्रीयों ने अपनी शुभकामना, पत्र के माध्यम से श्री योग वेदांत सेवा समिति को प्रेषित किया है ।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मातृ-पितृ पूजन दिवस पर अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहते है कि 'बाल मन कच्ची मिट्टी के समान होता है । उसे जिस रूप में चाहो गढ़ा जा सकता है । ऐसे में भारतीय परंपरा और संस्कृति से उन्हें जोड़ने का कार्य बचपन से ही किया जाना चाहिए । राष्ट्र निर्माण के पुनीत कार्य मे यह प्रयत्न निश्चय ही भावी पीढ़ियों एवं नागरिकों के नैतिक मूल्यों में वृद्धि करते हुए एक सुसंस्कृत समाज का निर्माण होगा ।

इसी तरह भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपनी शुभकामना संदेश में कहते है कि 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाने की परंपरा एक अच्छी पहल है इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करना है । इसी तरह उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पत्र के माध्यम से कहते है कि माता-पिता का सम्मान हमारी संस्कृति की पुरातन परंपरा है उनकी सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है । यह संस्था भविष्य में भी इसी प्रकार समाज को जागरूक करने के लिए सक्रिय रहेगी।

भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी कहते है कि इस अभियान से बच्चों का माता-पिता व गुरुजनों के प्रति आदर भाव बढ़ेगा, समाज में सुख-शांति व समृद्धि आएगी तथा युवा वर्ग नैतिक पतन से बचेगा ।

इस तरह देश के गणमान्य हस्तियों ने अपनी-अपनी भावनाओं को शब्दो में पिरोकर पत्र के माध्यम से व्यक्त किया है ।

श्री योग वेदांत सेवा समिति के अंर्तगत बाल संस्कार केंद्र, युवा सेवा संघ, महिला उत्थान मंडल, ऋषिप्रसाद व लोक कल्याण सेतु के सेवाधारी पूज्य बापूजी की आज्ञा से सैकड़ो गांव, मुहल्ला, वार्डो आदि स्थानों में पूजन कार्यक्रम किया जा रहा है । मातृ-पितृ पूजन दिवसज् अभियान ने आज भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी एक पर्व के रूप में अपना स्थान बना लिया है । हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, ईसाई, पारसी - सभी धर्मों के लोगों ने हृदयपूर्वक यह पर्व को स्वीकार किया है । मातृ-पितृ पूजन दिवस विश्वव्यापी पर्व बन गया है । जिसमे सभी धर्म व सम्प्रदाय के लोग जुड़ रहे है ।

## कबीरधाम जिले के नगरीय निकायों का मतगणना 15 फरवरी 2025 को सुबह 09 बजे होगी प्रारंभ

**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत 15 फरवरी 2025 को सुबह 09 बजे से सभी नरीय निकायों के लिए डाले गए मतां की गणना (ईवीएम) कार्य किया जाएगा। नगर पंचायत और नगर पालिका के लिए बनाएं गए स्ट्रांग रूम में मतगणना कार्य किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में मतगणना कार्य के लिए आवश्यक तैयारी की जा रही है। मतगणना कार्य के सफल संपादन के लिए 13 और 14 फरवरी को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गणना पर्यवेक्षक और गणना सहायकों को मास्टर ट्रेनर्स द्वारा मतगणना कार्य का प्रशिक्षण दिया जाएगा। मतगणना के लिए 15 फरवरी को रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा ने गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना तिथि को निर्धारित समय में मतगणना स्थल पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। मतगणना स्थल पर मोबाईल एवं अन्य इलेक्ट्रानिक सामग्री लेकर जाना पूर्णत: वर्जित है। उन्होंने बताया कि सभी नगरीय निकायों में मतगणना के लिए 120 टेबल लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि कवर्धा नगर पलिका के लिए 27 टेबल, पंडरिया के लिए 18, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी के लिए 15-15 टेबल लगाई जाएगी। मतगणना अभ्यर्थी के लिए आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था मतगणना हॉल के निकट रहेगी। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्माट वॉच या अन्य इलेक्ट्रानिक्स उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्टॉफ अभ्यर्थी और उसके निर्वाचन, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल के भीतर धूम्रपान, गुटखा, तंबाकु ले जाने की अनुमति नही होगी।

# जिला पंचायत प्रत्याशी वैजंत्री देवी कमलेश्वर सान्डे का चुनाव प्रचार जोरो से, विधायक हर्षिता बघेल प्रचार मे हुई शामिल

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा के कांग्रेस अधिकृत महिला प्रत्याशी श्रीमती वैजंत्री देवी कमलेश्वर सान्डे चुनाव चिन्ह छाता छाप इन दिनों अपनी चुनावी दौरे पर है जहां वे विभिन्न गांव में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन कर रहे हैं। जनसंपर्क के दौरान पटेवा, इरई खुर्द, इरईकला,बिजेतला,मोंहदी, मुरमुंदा, जराही,बिरेझर,नवागांव, चारभाठा जैसे क्षेत्र में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया और जनता से अपने पक्ष में वोट देने की अपील की, इन सभाओं में भारी जन सैलाब उमड रहा है जो यहां दर्शाता है कि जनता में उनका समर्थन बढ़ता जा रहा है



कांग्रेस प्रत्याशी वैजंत्री देवी सान्डे के समर्थन में डोंगरगढ़ विधानसभा के विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विभिन्न नुक्कड़ सभा में शामिल हुए और वैजंत्री देवी सान्डे के समर्थन में मतदाताओं से वोट करने की अपील किया और क्षेत्र के विकास को लेकर अपने विजन को साझा करती है।उन्होंने लोगों से यह वादा किया कि अगर ये विजयी होती हैं,तो उनके क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाई है दिशा देगी और जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उनके भाषणों में जोश और विश्वास की झलक दिखाई देती है और हर सभा में लोग उन्हें अपना समर्थन देने के लिए एकजुट होते हैं। इन नुक्कड़ सभा का आयोजन जनता के बीच गहरी छाप छोड़ रहा है इस प्रकार की आम सभा के माध्यम से वैजंत्री देवी कमलेश्वर सांन्डे ने यह साबित कर दिया कि वे क्षेत्र के लिए समर्पित है और उनके चुनावी अभियानों को देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि वह आगामी चुनाव में भारी मतों से जीत हासिल करने की ओर बढ़ रही है।

## राधे राम निषाद का बिजली करंट से हुई मौत

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ग्राम रातापयली में करंट लगने से 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक प्यास लगने पर पानी पीने फार्म हाउस भीतर में दाखिल हुआ था। जहां बोर का स्विच ऑन करते ही करंट के संपर्क में आ गया । इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई । घटना10 फरवरी सोमवार दोपहर 2.30 बजे की है । जानकारी मुताबिक रातापयली में रहने वाला 35 वर्षीय राधे निषाद अपने दोस्तों के साथ गांव के नदी में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान राधे नदी के किनारे ही मौजूद एक फार्म हाउस में पानी पीने गया। जहां बोर्ड का स्विच ऑन करते हुए करंट की चपेट में आते ही गिर पड़ा। काफी देर तक राधे के नहीं लौटने पर उसके दोस्त फार्म में गए। जहां राधे को गिरा पाया।



## खूब जानता हूँ

खूब जानता हूँ उनको,
जरूरत नहीं हमारी उनको।
पांच वर्ष में एक बार ही,
पड़ती जरूरत है उनको।
निपट जाये चुनाव फिर,
कहां फुर्सत है उनको।
फिर जनता खड़ी दरबार में,
कतार से मिलने उनको।।

गजेन्द्र बख्शी
अधिवक्ता
रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3
राजनांदगांव

# ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में किया गया सील



**कवर्धा (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सभी सातों नगरीय निकाय नगर पालिका कवर्धा, पंडरिया, नगर पंचायत पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा और इंदौरी क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई।नगर पालिका कवर्धा के लिए पीजी कॉलेज में रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती मोनिका कौड़ो, सहायक रिटर्निंग अधिकारी सुश्री आकांक्षा नायक और प्रत्याशी एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदान केंद्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई ईव्हीएम मशीन को स्ट्रांग रूम में सीलिंग की गई। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियोग्राफ़ी भी कराई गई। इसके अलावा सुरक्षा की पूरी व्यवस्था की गई है।



## धर्म समाचार....

# 13 से शुरू होगा फाल्गुन

**धर्म की जीत, ऋतु परिवर्तन और नई फसल आने की खुशी में मनाते हैं होली, जानिए फाल्गुन मास से जुड़ी मान्यताएं**

गुरुवार, 13 फरवरी से फाल्गुन मास शुरू हो रहा है, इस महीने की अंतिम तिथि फाल्गुन पूर्णिमा 13 मार्च को है, इसी दिन होलिका दहन भी है। फाल्गुन हिन्दी पंचांग का बारहवां महीना है। इसके लिए चैत्र मास शुरू होता है। इस महीने से ऋतु परिवर्तन होने लगती है। इन दिनों में शिशिर ऋतु खत्म होने लगेगी और वसंत ऋतु शुरू होगी।

फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर होली मनाई जाती है, ये पर्व धर्म की जीत, ऋतु परिवर्तन और नई फसल आने की खुशी मनाया जाता है। इस समय में खासतौर पर गेहूं और चने की फसल पक जाती है। फसल पकने की खुशी में पर्व मनाने की परंपरा प्रचलित है। पौराणिक मान्यता है कि इस तिथि पर भक्त प्रहलाद को मारने के लिए होलिका उसे लेकर आग में बैठ गई थी, लेकिन विष्णु कृपा से प्रहलाद तो बच गया, लेकिन होलिका जल गई और धर्म की जीत हुई। ये समय ऋतु परिवर्तन का समय है, वसंत ऋतु के आते ही प्रकृति



में नयापन आने लगता है। मौसम न ज्यादा ठंडा रहता है और न ही ज्यादा गर्म रहता है। इन दिनों में मन शांत रहता है। ऐसा मौसम भक्ति और ध्यान के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। फाल्गुन रंगों के उत्सव का महीना है। इस मास में रंगों का त्योगार होली मनाया जाता है। इसी महीने में फाल्गुन मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर शिव पूजा का महापर्व महाशिवरात्रि भी मनाते हैं। इस साल ये पर्व 26 फरवरी को मनाया जाएगा। इस दिन भगवान शिव का विशेष अभिषेक और शिव जी ज्योतिर्लिंगों के दर्शन करना चाहिए। विशेष पूजा न कर पाएं तो शिवलिंग पर जल और बिल्व पत्र चढ़ाकर भी सामान्य पूजा की जाती है। फाल्गुन पूजा-पाठ के नजरिए से बहुत खास महीना है। इन दिनों में तीर्थ दर्शन, नदी स्नान, दान-पुण्य, मंदिरों में दर्शन-पूजन करने की परंपरा है। फाल्गुन मास में मथुरा, वृंदावन, ब्रज, गोकुल, बरसाना में लाखों भक्त रंगोत्सव मनाने पहुचंते हैं। फाल्गुन मास में मंत्र जप, ध्यान के साथ ही शिव पुराण, विष्णु पुराण, श्रीमद्भागवत जैसे ग्रंथों का पाठ भी किया जाता है। इस माह में अनाज, वस्त्र, जल, मौसमी फल, जूते-चप्पल, छाता दान करना चाहिए। जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई से जुड़ी चीजें दान कर सकते हैं। रोगियों को दवाइयां और फल दान कर सकते हैं। इस महीने में जो भक्त धर्म लाभ कमाना चाहते हैं, वे अधार्मिक कर्म, क्रोध, ईर्ष्या, झूठ और नकारात्मक विचारों से दूर रहते हैं। भक्तों इन सभी गलत बातों से दूर रहना चाहिए, तभी पूजा-पाठ का पूरा फल मिलता है और भगवान की कृपा से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं।

## संत कबीर की सीख : जीवन में संतुलन और एकाग्रता हो तो काम के साथ-साथ भक्ति भी कर सकते हैं

संत कबीर काम करते-करते अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। वे कपड़ा बुनने का काम करते थे। कपड़ा बुनने और उपदेश देने के साथ ही वे भगवान का ध्यान भी कर लिया करते थे। वे दिनभर सभी काम बहुत संतुलित ढंग से करते थे। एक व्यक्ति ने कबीरदास की दिनचर्या को बहुत ध्यान से कई दिनों तक देखा। एक दिन उसने कबीर जी से पूछा कि मैं कई दिनों से आपको देख रहा हूं, आप परमात्मा की भक्ति के लिए प्रसिद्ध हैं, आप दिनभर कपड़े बुनते रहते हैं, लोगों को उपदेश भी देते हैं, इतना व्यस्त रहने के बाद भी आप भक्ति कब करते हैं।



कबीरदास ने उस व्यक्ति की बातें ध्यान से सुनीं। कबीर लोगों के प्रश्नों का उत्तर उदाहरण के साथ दिया करते थे। उन्होंने उस व्यक्ति से कहा कि मैं तुम्हारे प्रश्न का उत्तर दूंगा, लेकिन पहले चलो आगे चौराहे तक थोड़ा घूम आते हैं। कबीर जी की बात उस व्यक्ति ने मान ली और दोनों साथ चल दिए। रास्ते में कबीर जी को एक महिला दिखाई दी, उस महिला ने सिर पर पानी से भरा घड़ा रखा हुआ था। वह महिला गीत गाते हुए चल रही थी, लेकिन उसने घड़े को पकड़ा नहीं था, घड़ा सिर पर स्थिर था, वह हिल भी नहीं रहा था, इसलिए घड़े का पानी भी छलक नहीं रहा था। कबीर जी ने उस व्यक्ति से कहा कि इस महिला को देख रहे हो? ये अपने गीत गाते हुए पानी लेकर जा रही है। इसका ध्यान अपने घड़े पर भी है, अपने गाने पर भी है और रास्ते पर भी है। बस ठीक इसी तरह मैं भी अपने सभी काम करता हूं। हर पल मेरा मन परमात्मा की भक्ति में भी लगा रहता है और मैं अन्य काम भी करते रहता हूं।

**कबीर की सीख**- संत कबीर की बातें सुनकर उस व्यक्ति को समझ आ गया कि जीवन में संतुलन होना बहुत जरूरी है। कबीर ने उस व्यक्ति को आगे समझाया कि हमें जीविका चलाने के लिए काम करने की जरूरत है, लेकिन इसके साथ ही हमारा मन भक्ति में भी लगे रहना चाहिए। परमात्मा का ध्यान करते रहेंगे तो मन शांत रहेगा और विपरीत समय में भी हम विचलित नहीं होंगे,

nandgaon times feb-13-2.qxd 2/12/2025 11:57 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाॅल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के बाद मतदान दलों की सकुशल वापसी

## जिले के सभी 5 नगरीय निकाय क्षेत्रों के 120 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 75.77 रहा, 67 हजार 194 पुरूष, 70 हजार 561 महिला एवं 3 तृतीय लिंग मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग






**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के तहत जिले के नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत महापौर के 1 पद एवं वार्ड पार्षद के 51 पदों तथा नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत अध्यक्ष के 1 पद एवं वार्ड पार्षद के 24 पद, नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया व लालबहादुर नगर अंतर्गत अध्यक्ष के 1-1 पद एवं वार्ड पार्षद के 15-15 पदों के लिए निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न हुआ। मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उत्साह और उल्लास रहा। नगरीय निकाय क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान संपन्न होने के बाद मतदान दलों की सकुशल वापसी हो गई है। मतदान संपन्न कराने के पश्चात देर शाम से ही मतदान दलों के वापसी का सिलसिला शुरू हो गया था और यह सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी हुई। मतदान दलों द्वारा मतदान सामग्री जमा करने के लिए सभी काउंटर्स में पर्याप्त तैयारी कर ली गई थी एवं मतदान दलों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की गई थी।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के सभी 5 नगरीय निकाय क्षेत्रों के 120 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 75.77 रहा। जिसमें 76.73 प्रतिशत पुरूष, 74.88 प्रतिशत महिला एवं 60 प्रतिशत तृतीय लिंग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सभी 5 नगरीय निकाय क्षेत्र अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1 लाख 81 हजार 816 है, जिसमें से 1 लाख 37 हजार 758 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 87 हजार 574 पुरूष मतदाताओं में से 67 हजार 194 पुरूष मतदाताओं, 94 हजार 237 महिला मतदाताओं में से 70 हजार 561 महिला मतदाताओं एवं 5 तृतीय लिंग मतदाताओं में से 3 तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान किया। मतगणना शनिवार 15 फरवरी 2025 को सुबह 9 बजे से कृषि उपज मंडी समिति के नवनिर्मित गोदाम में बनाए गए मतगणना केन्द्र में होगी।

नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत 51 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 74.06 रहा। जिसमें 75.16 प्रतिशत पुरूष, 73.03 प्रतिशत महिला एवं 100 प्रतिशत तृतीय लिंग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पालिक निगम राजनांदगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 1 लाख 35 हजार 151 है, जिसमें से 1 लाख 87 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 65 हजार 16 पुरूष मतदाताओं में से 48 हजार 867 पुरूष मतदाताओं, 70 हजार 133 महिला मतदाताओं में से 51 हजार 218 महिला मतदाताओं एवं 2 तृतीय लिंग मतदाताओं में से 2 तृतीय लिंग मतदाताओं ने मतदान किया।

नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत 24 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 77.85 रहा। जिसमें 78.06 प्रतिशत पुरूष, 77.65 प्रतिशत महिला एवं 33.33 प्रतिशत तृतीय लिंग के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़ अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 28 हजार 40 है, जिसमें से 21 हजार 828 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 13 हजार 585 पुरूष मतदाताओं में से 10 हजार 605 पुरूष मतदाताओं, 14 हजार 452 महिला मतदाताओं में से 11 हजार 222 महिला मतदाताओं एवं 3 तृतीय लिंग मतदाताओं में से 1 तृतीय लिंग मतदाता ने मतदान किया। नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत 15 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 81.31 रहा। जिसमें 82.74 प्रतिशत पुरूष एवं 79.97 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 11 हजार 942 है, जिसमें से 9 हजार 710 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 5 हजार 765 पुरूष मतदाताओं में से 4 हजार 770 पुरूष मतदाताओं एवं 6 हजार 177 महिला मतदाताओं में से 4 हजार 940 महिला मतदाताओं ने मतदान किया। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत 15 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 93.13 रहा। जिसमें 92.93 प्रतिशत पुरूष एवं 93.31 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पंचायत छुरिया अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 3 हजार 72 है, जिसमें से 2 हजार 861 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 1 हजार 442 पुरूष मतदाताओं में से 1 हजार 340 पुरूष मतदाताओं एवं 1 हजार 630 महिला मतदाताओं में से 1 हजार 521 महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत 15 वार्डों में मतदान का प्रतिशत 90.61 रहा। जिसमें 91.28 प्रतिशत पुरूष एवं 89.97 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। नगर पंचायत लालबहादुर नगर अंतर्गत मतदाताओं की संख्या 3 हजार 611 है, जिसमें से 3 हजार 272 मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 1 हजार 766 पुरूष मतदाताओं में से 1 हजार 612 पुरूष मतदाताओं एवं 1 हजार 845 महिला मतदाताओं में से 1 हजार 660 महिला मतदाताओं ने मतदान किया।

## निर्मला जितेंद्र सिन्हा को क्षेत्र में मिल रहा है व्यापक जन समर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 7, तुमड़ीबोड मे श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा ने चुनाव प्रचार



तेज कर दिया गया है,जिसका चुनाव चिन्ह छाता छाप है। जनसंपर्क के दौरान आज ग्राम भानपुरी,हल्दी टेका खैरा खुडमुड़ी, कसारी, बिल्हरी खुर्सीपार में नुक्कड़ सभा कर जीत का आशीर्वाद लिया। श्रीमती सिंन्हा जनता से सीधा संपर्क कर अपनी चुनावी रणनीति को लागू कर रही है राजनीतिक और सामाजिक अनुभव रखने वाली श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा क्षेत्र के लिए कोई नया चेहरा नहीं है वे पंचायती राज में जनपद पंचायत सदस्य पद पर रह चुकी हैं और उसके इस अनुभव का लाभ उन्हें इस चुनाव में मिलेगी। उनके पास क्षेत्र के विकास और समस्याओं का गहरा ज्ञान है जिसे लेकर जनता से सीधे संवाद कर रही है उनके चुनाव प्रचार में बढ़ती भीड़ और समर्थन यह दर्शाती है कि जनता में उनका समर्थन काफी मजबूत है।श्रीमती निर्मला जितेंद्र सिन्हा की चुनावी यात्रा में जनता का जो समर्थन देखने को मिल रहा है वह उन्हें चुनावी मैदान में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है।

## क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा से श्रीमती मधु भुनेश्वर बघेल को मिल रहा है अपार जनसमर्थन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व विधायक की पत्नी श्रीमती मधु भुनेश्वर बघेल को क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा के लोगों से अपार समर्थन



एवं जनता का आशीर्वाद मिल रहा है। जिसमें आज के सघन दौरा के ग्राम बोटपार, खजरी, माला डबरी, भैंसातारा, दिल्ली, सहसपुर दिल्ली, बहेराभाटा ग्रामों में पहुंचकर पतंग छाप में मुहर लगाने की अपील की। पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल की पत्नी श्रीमती मधु बघेल को अपने स्थानीय प्रत्याशी के रूप में एक जाना पहचाना चेहरा देखकर जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। पूर्व घुमका ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रतन यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित राजपूत, मंथीर साहू, उमराव वर्मा, जयकुमार वर्मा, भूषण बघेल, गंगा प्रसाद वर्मा, सरपंच श्रीमति फूलमती वर्मा, दुलारी, आशा वर्मा, उषा, संगीता आदि उपस्थित रहे।

## बॉयोसेंसर से बीमारियों को पहचानना आसान : डॉ. भावना पाण्डेय

### दिग्विजय महाविद्यालय में 'रिसर्च मेथोडोलॉजी पर सात दिवसीय कार्यशाला का छठवाँ दिन

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के कुशल निर्देशन एवं संयोजक डॉ. सोनल मिश्रा के मार्गदर्शन में पीएम उषा के अन्तर्गत वनस्पति विज्ञान विभाग एवं महिला सेल के संयुक्त तत्वाधान में 'रिसर्च मेथोडोलॉजी' विषय पर 5 से 13 फरवरी तक आयोजित किए जा रहे सात दिवसीय कार्यशाला के छठवें दिन मुख्य वक्ता के रूप में भिलाई महिला महाविद्यालय के बॉयोटेक्नालॉजी एवं माइक्रोबॉयोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. भावना पाण्डेय उपस्थित रहे। संयोजक डॉ. सोनल मिश्रा ने इस अवसर पर उपस्थित मुख्य वक्ता डॉ. भावना पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अनीता महिश्वर, विभागाध्यक्ष वनस्पतिशास्त्र, दिग्विजय महाविद्यालय का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. भावना पाण्डेय ने 'रिसर्च मेथोडोलॉजी' के तहत 'बॉयोसेंसर' विषय पर अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए कहा कि किसी बॉयोलॉजिकल क्रिया को सिग्नल में बदल देना ही बॉयोसेंसर है। बॉयोसेंसर वास्तव में एक ऐसा छोटा सा चिप है जिसे हम अपने शरीर में त्वचा के अंदर लगा सकते हैं। बॉयोसेंसर से बीमारियों को बड़ी आसानी से पहचाना जा सकता है। बॉयोसेंसर के संदर्भ में सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को उन्होंने बताया कि पहला बॉयोसेंसर 'ग्लूकोमीटर' था जिसे लिलैंड सी. क्लार्क ने बनाया था इसलिए लिलैंड सी. क्लार्क को बॉयोसेंसर का जनक कहा जाता है।

बॉयोसेंसर की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए डॉ. भावना पाण्डेय ने कहा कि बॉयोसेंसर को संवेदनशील होने के साथ ही उसे निर्धारित कार्य के लिए होना चाहिए एवं उसकी रेंज अच्छी होनी चाहिए। बॉयोसेंसर के अनुप्रयोगों को बताते हुए उन्होंने कहा कि शरीर की बीमारियों को पहचानने के अलावा इसका प्रयोग संक्रमण से बचने, पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी परीक्षण जीव-जंतुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं खाद्य पदार्थों की सुरक्षा व रक्षा क्षेत्रों में किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. भावना पाण्डेय को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यशाला में कमला कॉलेज एवं साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी अपनी सहभागिता दी। साथ ही डॉ. किरण जैन, आकांक्षा रामटेके, विजय कुमार वर्मा सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे । कार्यशाला का संचालन एवं अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन प्रगति नोन्हारे ने किया।

## गाँव में अवैध कब्जा नहीं हटा तो करेंगे चुनाव का बहिष्कार

### ग्राम पंचायत धुसेरा के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** धर्मनगरी समीपस्थ ग्राम पंचायत धुसेरा में अवैध रूप से अतिक्रमण करने की शिकायत का मामला प्रकाश में आया है. ग्राम पंचायत धुसेरा के ग्रामीणों ने राजस्व विभाग से शीघ्र अतिक्रमण को हटाने की मांग की गई है और तत्काल कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में ग्रामीण सामुहिक रूप से पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी गई है. 12 फरवरी को ग्राम पंचायत धुसेरा के पचासो ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुँचकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनोज मरकाम को समस्या के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए तत्काल निदान की माँग को लेकर ज्ञापन सौंपा है. वहीं ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत धुसेरा में लोग जगह-जगह कोई दुकान, कोई मकान या किसी अन्य कार्य के लिए शासकीय जमीन को कब्जा (अधिग्रहण) कर रहा है, गाँव में पंच, सरपंच व अन्य ग्राम प्रमुखो के मना करने के बाद भी कोई प्रकार के जमीन अधिग्रहण में रोक नहीं लग पा रहे हैं दिनों-दिन यह अधिग्रहण बढता जा रहा है ! हम समस्त ग्रामवासी शासन को पूर्व में भी आवेदन के माध्यम से अवगत करा चुके है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुआ है और अभी तक अधिग्रहण जारी है, इस समस्या से परेशान होकर हमारे गाँव में बैठक करके समस्त ग्रामवासी के सहमति से इस अधिग्रहण को रोकने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि यदि शासन इस बार भी कोई कार्यवाही नहीं करेगा तो ग्राम पंचायत धुसेरा के कोई भी व्यक्ति पंचायत चुनाव में वोट डालने नहीं जायेगा।

## आयुक्त ने की राजस्व की समीक्षा - डिमान्ड के विरूद्ध सतप्रतिशत वसूली के दिये निर्देश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में पूर्व डिमाण्ड एवं वर्तमान डिमाण्ड के विरूद्ध राजस्व वसूली के निर्देश दिये, जिससे वित्तीय वर्ष समाप्ति के माह अंत तक सतप्रतिशत वसूली की जा सके।



आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में समस्त सहायक राजस्व निरीक्षको से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप वसूली नही हो पा रही है। चुकि वर्तमान में स्थानीय निर्वाचन के कारण भी वसूली प्रभावित हुई है लेकिन अब वित्तीय वर्ष समाप्ति के लिये डेढ माह शेष है, जिसे ध्यान में रखकर वसूली करना है। उन्होंने कहा कि क्यू आर कोड के माध्यम से भी वसूली करनी है। इसके लिये बहुत जल्द मशीन की व्यवस्था जा रही है, जिससे तुरंत पावती दी जा सकेगी। उन्होंने कहा कि कुछ वार्डो की वसूली अच्छी हो रही है किन्तु कुछ वार्डो की वसूली कम है जिसमें तेजी लावे। उन्होंने समस्त सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि वे अपने अपने प्रभारित वार्ड के राजस्व उप निरीक्षकों से प्रतिदिन प्रातः डिमाण्ड की जानकारी लेवे एवं डिमाण्ड के विरूद्ध वसूली की समीक्षा करे। साथ ही बडे बकायादारों के पास स्वयं जाकर वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होंने राजस्व उप निरीक्षकों से कहा कि वसूली में किसी भी प्रकार की परेशानी या अन्य कोई परेशानी होने पर अपने सहायक राजस्व निरीक्षक को जानकारी देवे।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, शासन लक्ष्य के अनुरूप वसूली किया जाना है, इसलिये सभी जी जान लगाकर वसूली करना सुनिश्चित करे, राजस्व कार्यालय में भी करो का भुगतान लेवे, क्योकि संबधित वार्ड प्रभारी के नही रहने से करदाता भटकते है और करों का भुगतान करने में असुविधा होती है। जिसे ध्यान में रखकर सभी वार्डो की कार्यालय मे भी राजस्व कर लेना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि टीम बनाकर वसूली करे, बडे बकायादारों तथा दुकानदारों के पास जाकर वसूली करे, वसूली में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी बकायादारों से अपील करते हुये कहा है कि अपने सभी बकाया करों का भुगतान कर अधिभार से बचे। बैठक में उपायुक्त श्री मोबिन अली, सहायक राजस्व अधिकारी श्री जगीनराम चंद्रवंशी सहित समस्त राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक एवं सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com